# आयुक्त ने रेल्वे कालोनी एवं ट्रैफिक पार्क का किया निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक 05 अंतर्गत रेल्वे कालोनी, नवनिर्मित डोम शेड, सिविक सेंटर ट्रैफिक पार्क एवं अर्जुन रथ उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ सेक्टर 07 स्थित रेल्वे कालोनी का निरीक्षण किए। निवासरत लोगों से चर्चा किये , पता चला कि जो लोग रहते उनका कोई दस्तावेज नहीं है। आयुक्त ने निवासरत लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकान के लिए आवेदन करने कहा है। साथ ही कालोनी में सप्लाई पेयजल के जांच हेतु अधिकारियों को निर्देशित किये हैं। सेक्टर 06 में डोम शेड का नव निर्माण किया गया है, जिसका अवलोकन कर सिढ़ी बनवाने निर्देशित किया गया है। सिविक सेंटर में ट्रैफिक पार्क का निरीक्षण कर साफ–सफाई कराने के साथ हरियाली बढ़ाने के लिए एजेंसी प्रमोद पांडेय को निर्देशित किए हैं। पार्क में निर्मित मिनी ब्रिज के सिढ़ी को और मजबूत बनाने एवं पार्क में कुछ और आकर्षक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। समीपस्थ अर्जुन रथ उद्यान का अवलोकन किया गया, रथ के पास लोग चढ़कर मोबाईल से सेल्फी लेते है, जिसके कारण वहां के कुछ हिस्से का टाइल्स उखड़ गया है। आवश्यक संधारण एवं व्यवस्थित करने निर्देशित किया गया है। टाइल्स के उपर प्राइवेट एजेंसियों द्वारा पोस्टर चिपकाया जाता है, संबंधित के नाम से चालानी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे सहित जोन 05 की टीम उपस्थित रहे।

